## महत्वपूर्ण एवं खास

### सफाई दरोगा पर हुआ हमला, महेंद्र जायसवाल ने की घटना की निंदा

रायगढ़। सड़क व नाली निर्माण के आड़े आ रहे दीवार को ढहाने की नोटिस दिए जाने के बाद सिंधी कालोनी में विवाद हो गया। यह विवाद ऐसा बढ़ा की विजय राजपूत सहित अन्य लोगों ने मिल कर मारपीट शुरू की। इससे नगर निगम के सफाई दरोगा राजू पांडेय का सर फट गया। वहीं महिला इंजीनियर प्रज्ञा सिदार से भी हुज्जतबाजी की गई। सफाई दरोगा पर किये गये हमले व महिला इंजीनियर के साथ हुए अभ्रद व्यवहार की घटना को लेकर बहुजन समाज पार्टी रायगढ़ के ज़ोन प्रभारी महेंद्र जायसवाल और जिलाध्यक्ष इनोसेंट कुजूर एवं संगठन मंत्री गजेंद्र साण्डे ने कड़ी निंदा की है। और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### निर्वाचन अधिकारी सहित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को जिले के बाहर प्रस्थान हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से अनुमति लेना आवश्यक

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचार संहिता के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सहित सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर कार्यालय की स्पष्ट अनुमति के बिना जिले के बाहर प्रस्थान नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उच्च न्यायालय के न्यायालयीन प्रकरण अथवा अन्य परिस्थितिवश यदि जिले से बाहर जाने की स्थिति उत्पन्न होती है तो भी जिले से बाहर प्रस्थान करने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर कार्यालय की पूर्वानुमति लेना आवश्यक होगा। यह आदेश संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक प्रभावशील रहेगा।

### चक्रधरनगर, जूटमिल पुलिस ने पकड़े स्थाई वारंटी

**आबकारी एक्ट में दर्ज मामले के तीन वारंटी गिरफ्तार**

रायगढ़। जिला पुलिस कप्तान ने तीन दिन पूर्व आयोजित कंट्रोल रूम में क्राइम मीटिंग लेने के दौरान अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए लंबित मामले का निकाल करने आदेशित किया था।

चक्रधरनगर पुलिस ने एक एवं पुलिस चौकी जूटमिल एक गिरफ्तार एवं 01 स्थायी वारंट को पकड़ने में सफलता हासिल की है । थाना चक्रधरनगर स्टाफ द्वारा आबकारी एक्ट के आरोपी विश्वनाथ निषाद पिता नकुल निषाद उम्र 19 वर्ष निवासी पतरापाली पूर्व को जारी स्थायी वारंट के परिपालन में वारंट की तामिली करते हुए विश्वनाथ निषाद को न्यायालय पेश किया गया । बताया जा रहा है कि उक्त मामले में आरोपी जिले से बाहर काम काज करने गया हुआ था। वही दूसरे मामले में पुलिस चौकी जूटमिल पुलिस द्वारा स्थायी वारंटी राकेश सिंह पिता बिन्देश्वर सिंह निवासी झोपड़ीपारा जूटमिल रायगढ़ तथा आबकारी एक्ट में आरोपी प्रमोद चौहान पिता सुन्दरलाल चौहान निवासी रेल्वे कालोनी जूटमिल को जारी गिरफ्तारी वारंट के पालन में वारंट की तामिली कर वारंटियों को न्यायालय पेश किया गया है ।

### जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति का गठन

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने लोकसभा निर्वाचन 2019 अंतर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के तहत पुलिस अथवा स्थैतिक निगरानी दल या उड़नदस्ते द्वारा की गई जप्ती के प्रत्येक मामले की जांच हेतु जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है।

# बच्चे की उम्र एक दिन भी ज्यादा होने पर आवेदन हो रहे रिजेक्ट

रायगढ़। आरटीई में एडमिशन के लिए उम्र का आंकलन 31 मार्च की स्थिति में की जा रही है। इस वजह से बच्चे की उम्र 1 दिन भी ज्यादा हुई तो पोर्टल में आवेदन रिजेक्ट हो जा रहे हैं। जिले में ऐसे अनेक मामले सामने आ गए हैं लेकिन नियमों की ढाल दिखाकर नोडल अफसर इस का हल नहीं ढूंढ पा रहे हैं।

राज्य सरकार ने बीते दो सालों से शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की है। एडमिशन की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए पोर्टल बनाया गया है लेकिन यही पोर्टल अब कुछ पालकों के लिए मुसीबत बन गया है। पोर्टल में इस बार नर्सरी, केजी-1 और कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों के उम्र एक दिन भी




अधिक हो रही है तो उनका आवेदन स्वीकृत नहीं हो पा रहा। शासन स्तर पर बने पोर्टल में ऐसे आवेदन आने पर सीधे नोडल अधिकारी से संपर्क करने कहा जा रहा है।जिले में ऐसे अनेक बच्चे हैं, जिनकी उम्र निर्धारित उम्र से कुछ दिन ज्यादा है। ऐसे में इन परिवारों को आरटीई का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे लोग परेशान हैं। डीइओ आरपी आदित्य बताते हैं कि आरटीई के इस पोर्टल में उम्र का आंकलन 31 मार्च 2019 को आधार मानकर किया गया है। इस वजह से ऐसी दिक्कतें आ रही हैं।

### केस 1

राजीव नगर मोहल्ले में रहने वाले एक पालक शिव निषाद ने बताया कि उनके बेटे की जन्म तिथि 2 अप्रैल 2015 है। केजी वन में एडमिशन के लिए आवेदन किया तो 2 दिन अधिक हो जाने के कारण आवेदन निरस्त हो गया। नोडल अफसर भी इस नियम को गलत बता रहे हैं लेकिन कोई हल नहीं निकल रहा है।

### केस 2

ढिमरापुर में रहने वाली बच्ची नेहा की जन्मतिथि 3 अप्रैल 2016 है। आरटीई के अनुसार नर्सरी में प्रवेश में लिए उम्र की गणना 31 मार्च 19 के हिसाब से की जा रही है। ऐसे में नेहा की उम्र 31 मार्च 19 की स्थिति में 3 साल से 3 दिन कम हो रही है, इसलिए बच्ची को नर्सरी में प्रवेश नहीं मिल रहा है।

### आरटीई में उम्र का ऐसा बंधन

आरटीई में पोर्टल में आवेदन करने के लिए शिक्षा विभाग ने उम्र का बंधन लगा दिया है। नर्सरी में प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र न्यूनतम 3 साल और अधिकतम 4 साल से कम होना चाहिए। इसी तरह केजी-1 में 4 साल से अधिक और 5 साल से कम होना चाहिए। वहीं कक्षा पहली में 5 साल से अधिक और 6 साल से कम होना चाहिए।

## राज्य शासन द्वारा किये गये स्थानान्तरण पर हाई कोर्ट का स्थगन

रायगढ़ (आरएनएस)। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छ.ग. शासन ने एक आदेश जारी कर दिनांक 20.02.2019 को जिला संवर्ग के कर्मचारी एन. एल. सोनी, सहायक ग्रेड-3 तहसील कार्यालय कांसाबेल का स्थानान्तरण करते हुए अन्यत्र जिला कलेक्टर कार्यालय, बलरामपुर कर दिया था, बार-बार प्रताड़ित करने के उद्देश्य के किये जा रहे स्थानान्तरण से व्यथित होते हुए श्री सोनी ने अपने विद्वान अधिवक्ता अभिषेक सराफ के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में रिट याचिका दायर की। जिसे माननीय उच्च न्यायालय ने स्वीकार करते हुए शासन को नोटिस जारी किया तथा 12 मार्च 2019 को सुनवाई के लिए नियत की। प्रकरण में आवेदक पक्ष के विद्वान अधिवक्ता एवं राज्य शासन की ओर से नियुक्त शासकीय अधिवक्ता के दलीलों को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद माननीय न्यायाधिपति श्रीमान पी. एस. कोशी ने राज्य शासन द्वारा किये गये नियम विरूद्ध स्थानान्तरण को प्रथम दृष्टया गलत मानकर निरस्त कर स्थगन देते हुए चार सप्ताह के अंदर आवेदक के पक्ष में प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश राज्य शासन को दिये।

## एकाउंट के पेपर में सवालों के क्रम को लेकर उलझे छात्र

**बोर्ड की बारहवी परीक्षा में सी व डी खंड को लेकर था संदेह**


रायगढ़। शुक्रवार को बारहवीं कक्षा के एकाउंट के पेपर में सवालों के ऋम को लेकर परीक्षार्थी उलझे रहे। चार खंडों में आए प्रश्नपत्र में शुरू के दो खंडों को हल करना अनिवार्य था लेकिन सी व डी में से किसी एक को हल करना था। ऐसे में कई स्कूलों में छात्र इसको लेकर शिक्षकों से सवाल करते रहे और कुछ ने दोनों खंडों के आंशिक सवाल हल कर दिए।




बोर्ड की बारहवी परीक्षा में कामर्स के छात्रों को शुक्रवार को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ गया है। दरअसल इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड आए थे। इसमें से शुरू के ए व बी खंड के सभी प्रश्नों को हल करना था लेकिन इसके बाद सी व डी खंड में से किसी एक को ही हल करना था लेकिन बदले हुए पैटर्न में सवाल आए तो बोर्ड की इस गुगली से छात्र भी असमंजस में आ गए । कुछ छात्रों ने सी व डी खंड में से दो-दो सवालों के जवाब लिख दिए लेकिन आशंका हुई तो फिर बोर्ड के अफसरों से संपर्क साधा गया। डीइओ आरपी आदित्य ने बताया कि कुछ परीक्षा केन्द्रों में यह समस्या आई थी लेकिन शिक्षकों ने छात्रों को प्रश्नपत्र हल करने का नियम बता दिया। विवाद वाली किसी बात से उन्होंने इंकार किया है। शुक्रवार को बोर्ड के एकाउंट वाले इस विषय समेत राजनीति विज्ञान का भी पेपर था। शिक्षा विभाग के अनुसार इमसें कुल 15 हजार 243 छात्रों को शामिल होना था लेकिन इसमें से 15 हजार 4 छात्र ही परीक्षा दे सके हैं और 239 छात्र अनुपस्थित रहे हैं। बोर्ड की इस परीक्षा में शुक्रवार को कोई नकल का केस नहीं बना है।

## नवविवाहित महिला ने घर के म्यार में लगाई फांसी

रायगढ़। नवविवाहिता ने घर के म्यार में फांसी के फंदे में झूलकर जीवनलीला समाप्त कर ली है। घटना पुसौर थाना क्षेत्र का है। मामले मे पुलिस परिजन से पूछताछ व कथन बयान लेते हुए जांच में जुट गई है। रुकमणी पटेल पति योगेश्वर पटेल उम्र 23 वर्ष है । परिजन के मुताबिक महिला का मायका जांजगीर जिला अंतर्गत डभरा थाना क्षेत्र है जिसका विवाह दो वर्ष पूर्व सामाजिक रीति रिवाज से ठेगापाली के ग्रामीण योगेश्वर से सम्पन्न हुई थी । जिसमें महिला की एक आठ माह की बच्ची भी है। जहा महिला ने शुक्रवार दोपहर लगभग 2 से 3 बजे के बीच घर के सदस्य अपने दैनिक दिनचर्या में गए हुए थे इस दौरान महिला ने घर के म्यार पर फंदे में झुलकर जान दे दी। फिलहाल महिला ने क्यो फांसी के फंदे में झुलकर आत्महत्या की है इस पर रहस्य अना हुआ है वही परिजन अचम्भित है। बहरहाल घटना की भनक लगते ही मौके पर पुलिस आई और शव को फंदे से उतारते हुए पंचनामा व अन्य कानूनी कार्रवाई के बाद पीएम के लिए भेजा है।



## सोई महिला से घर घुसकर छेड़छाड़ जुर्म दर्ज

रायगढ़। कमरे में सो रही महिला से गांव का ही रहने वाला युवक ने बदनीयती से घुसकर छेड़छाड़ करने लगा जिसमें नींद में गाफिल महिला की नींद टूटने के बाद युवक को देख चीख पुकार मचाई जिस पर युवक भागने में सफल हो गया। इस पूरे घटनाक्रम के बाद महिला ने परिवारिक सलाह मशवरा के बाद थाने में मामला दर्ज कराया है। छेड़छाड़ की घटना सारंगढ़ थाना क्षेत्र की है। थाना सारंगढ़ अंतर्गत निवासरत 26 वर्षीय महिला ने गांव का रहवासी युवक अनिल चौहान पर 14 मार्च की रात्रि घर घुसकर छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है ।







**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480